

# आचार संहिता

उचित व्यवहार के संयुक्त सिद्धांत

ZF Compliance.
सही मार्‌ग!

# अनुक्रम

03 प्रस्तावना
04 अधिकार और उत्तरदायित्व
05 उचित और मुक्त बाज़ार व्यवहार
06 भ्रष्टाचार का मुकाबला करना
08 हितों के टकराव से बचना
09 सामाजिक उत्तरदायित्व
10 व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय संरक्षण
11 उत्पाद अनुपालन
12 जानकारी प्रबंधन
13 नोटिस और रिपोर्टें
14 हमारे सिद्धांतों में निम्न शामिल हैं
15 संपर्क

# प्रिय सहकर्मियों,

अपने हाल ही के व्यावसायिक अधिग्रहणों और ध्यान केंद्रित रणनीति के साथ, ZF ने मोटर वाहन उद्योग में वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति सुदृढ़ कर ली है, और हम उत्कृष्टता, ईमानदारी, सत्यता और व्यवहार के लिए सभी लागू कानूनों के अनुसार प्रतिबद्ध हैं। ZF में, इस निरंतर उत्कृष्टता और हमारी कंपनी की दीर्घकालिक सफलता को सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन एक अनिवार्य तत्व है। गैर-कानूनी गतिविधियाँ - बिना किसी अपवाद के - न तो स्वीकार की जाती हैं और न ही बर्दाश्त की जाती हैं।

हम उचित, जिम्मेदार और टिकाऊ व्यावसायिक व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं, हमने समाज और अपने ग्राहकों, शेयरधारकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ जो विश्वास स्थापित किया है उसका यही आधार है। हमें प्रतिदिन इस विश्वास को हासिल करना जारी रखना चाहिए। ऐसा करने के लिए, हमें अपने कार्यों को व्यवसाय और नैतिकता के उच्चतम मानकों और प्रतिबद्धताओं, लागू कानूनों और ZF की नीतियों पर आधारित करना चाहिए।

हमारी आचार संहिता हमारी दिशा को प्राप्त करने और बनाए रखने की कुंजी है, यह हमें अपने मूल्यों और मूल सिद्धांतों के लिए नींव प्रदान करती है। उचित आचरण और अनुपालन के बारे में जब हमें प्रश्नों का सामना करना पड़ता है तब आचार संहिता हमें मार्गदर्शन प्रदान करती है। इन मूल्यों और मूल सिद्धांतों के आधार पर आधारभूत नियम स्थापित होते हैं जिनसे हमें हमारे व्यावसायिक निर्णयों में मार्गदर्शन मिलना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि हम न केवल हमारी आचार संहिता में इन मूल्यों और सिद्धांतों को पढ़ें और समझें, बल्कि यह भी कि हम अपने दिन-प्रतिदिन की व्यावसायिक गतिविधियों में इनका पालन करें और इन्हें आत्मसात करें।

हम सब मिलकर, स्थापित किए गए विश्वास के स्तर को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए हर दिन जिम्मेदार हैं।

फ्रीड्रिक्सहाफ़न जूलाई 2018

डॉ. कौनस्टांटीन साउर
ZF Friedrichshafen AG
के मुख्य कार्यपालक अधिकारी

युर्गन होलेक्सा
ZF Friedrichshafen AG
के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य



# 01 अधिकार और उत्तरदायित्व

## हमारी कंपनी और हम सब लागू कानूनों और आंतरिक दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं।.

ZF के सभी कर्मचारी कानून का पालन करने और अपने काम के माहौल में आंतरिक दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार हैं। ZF की सर्वोच्च प्राथमिकता वैधानिक और विनियामक प्रावधानों तथा आंतरिक दिशानिर्देशों का पालन करना है, साथ ही उसके परिणामस्वरूप वैध और सही व्यवहार को सुनिश्चित करना है। किसी भी व्यावसायिक लेन-देन में कभी भी कानूनी और नैतिक सीमाओं के उल्लंघन को उचित नहीं माना जाता है।.

हम अपने उत्पादों और अपने काम की ज़िम्मेदारी लेते हैं। अपने कर्मचारियों, समाज, व्यावसायिक भागीदारों और पर्यावरण के प्रति भी हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है। इस ज़िम्मेदारी को पूरा करने के लिए, हम सभी को इस तरह से कार्य करना चाहिए जो वैध, ईमानदार और ज़िम्मेदार हो।.

विशेष रूप से, हमारे कार्यकारी प्रबंधक, अपने अधिकार के दायरे के भीतर, लागू सांविधिक और विनियामक प्रावधानों, आंतरिक दिशानिर्देशों और इस आचार संहिता के सिद्धांतों के अनुपालन की गारंटी देते हैं। हम सभी कर्मचारियों से अपेक्षा करते हैं कि वे स्वयं इन दिशानिर्देशों की सामग्री की जानकारी प्राप्त करें और इसका और साथ ही साथ सभी लागू कानूनों का पालन करें और अपने रिपोर्ट करने वालों और सहकर्मियों से आग्रह करें कि वे भी ऐसा करें। ZF आंतरिक दिशानिर्देशों, या सांविधिक या विनियामक प्रावधानों के किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगी और किसी कर्मचारी का कंपनी के पदानुक्रम में चाहे कोई भी पद क्यों न हो ऐसे उल्लंघनों के संबंध में कार्रवाई करेगी।.

हम अपने व्यावसायिक भागीदारों से भी यह उम्मीद करते हैं कि वे सभी लागू कानूनों, आम तौर पर स्वीकृत सामाजिक उत्तरदायित्व के मानकों, और सत्यनिष्ठा के बुनियादी सिद्धांतों का पालन करेंगे।.



# 02
# उचित और मुक्त बाज़ार व्यवहार

## हम बिना किसी प्रतिबंध के, बाज़ार अर्थव्यवस्था के मूलभूत घटक के रूप में उचित और खुली प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों का समर्थन करते हैं.

### उचित प्रतिस्पर्धा

ZF के सभी कर्मचारी स्पर्धारोधी कानून और प्रतिस्पर्धा कानून की संगत आवश्यकताओं का पालन करने के लिए बाध्य हैं। ZF ऐसे किसी भी व्यवहार पर प्रतिबंध लगाती है, जिसका उद्देश्य या परिणाम खुली और उचित प्रतिस्पर्धा को बाधित करना, प्रतिबंधित करना, या विरूपित करना हो।.

हमारी प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति पूरी तरह से हमारी व्यावसायिक सफलता के कारकों, विशेष रूप से हमारी नवाचार की ताकत, गुणवत्ता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर आधारित है। इसलिए, हम अपने प्रतिस्पर्धियों, व्यावसायिक भागीदारों और अंतिम ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय हमेशा लागू स्पर्धारोधी कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं। विशेष रूप से, हम निम्न बर्दाश्त नहीं करते:

- मौजूदा या संभावित प्रतिस्पर्धियों के साथ स्पर्धारोधी अनुबंध, समझौते या साँठ-गाँठ करना, जिसमें कीमतें या प्रीमियम तय करने के उद्देश्य से समझौते करना, उपलब्ध किए गए उत्पादों या सेवाओं के प्रकार या मात्रा को सीमित करना, बोली में हेराफेरी करना या बाज़ारों को उप-विभाजित करना शामिल है, परंतु यह इन तक सीमित नहीं है;
- किसी निश्चित बाज़ार में अग्रणी स्थिति का दुरुपयोग करना;
- ऊर्ध्वस्तर साँठगाँठ या समझौते करना (आपूर्तिकर्ताओं या ग्राहकों के साथ) जिनसे लागू कानूनों के उल्लंघन में खुली और उचित प्रतिस्पर्धा को रोकने या प्रतिबंधित करने की व्यवस्था की जाए या इसे वास्तव में प्रबंधित किया जाए।.

### निर्यात नियंत्रणs

हमारी वैश्विक गतिविधियों में और नए बाज़ारों में प्रवेश करते समय, हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों का कठोरतापूर्वक पालन करते हैं और आयात और निर्यात को नियंत्रित करने वाले नियमों और विनियमों का पालन करते हैं, साथ ही सभी लागू आर्थिक प्रतिबंधों का भी पालन करते हैं।.



# 03
# भ्रष्टाचार का मुकाबला करना

## हमारे विश्वव्यापी व्यावसायिक प्रचालनों के अंतर्गत, हम किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करते हैं।.

### भ्रष्टाचार पर प्रतिबंध
भ्रष्टाचार अंतरराष्ट्रीय समझौतों, राष्ट्रीय कानूनों और आंतरिक दिशानिर्देशों द्वारा प्रतिबंधित है। ZF कर्मचारियों या व्यावसायिक भागीदारों या किन्हीं व्यावसायिक प्रथाओं में किसी भी तरह की रिश्वतखोरी को बर्दाश्त नहीं करती है जिससे ऐसा लगे कि अनुचित प्रभाव डाला जा रहा है। यह किन्हीं तथाकथित क्षेत्रीय प्रथाओं के बावजूद लागू होता है।.

ZF के सभी कर्मचारियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से व्यावसायिक लेनदेनों में फायदे माँगने, स्वीकार करने, प्रस्तुत करने या प्रदान करने की मनाही है, यदि उनका इरादा व्यावसायिक प्रक्रियाओं को बेईमानी से प्रभावित करना हो, या उनसे ऐसा करने का इरादा मात्र भी क्यों न लगता हो। विशेष रूप से जर्मनी और विदेशों में सरकारी अधिकारियों और प्राधिकारियों के साथ व्यावसायिक लेनदेनों में, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे कर्मचारी सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हैं। कृपया ध्यान रखें कि हम जिन देशों में कारोबार करते हैं, उनमें से कई देशों में कंपनियाँ अक्सर राज्य के स्वामित्व वाली होती हैं या उनमें राज्य ने निवेश किया हुआ होता है। इन कंपनियों के कर्मचारियों को सरकारी अधिकारियों के रूप में समझा जाना चाहिए, और उनके साथ विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए।.

सुविधा भुगतानों को बर्दाश्त नहीं किया जाता है। सुविधा भुगतान सरकारी अधिकारियों को किए गए वे भुगतान होते हैं जो कानून द्वारा आवश्यक नहीं होते हैं, बल्कि सरकारी अधिकारी को यह लालच देने के उद्देश्य से किए जाते हैं कि वह किसी ऐसे आधिकारिक कार्य को शीघ्र करे या उसे पूरा करे जिसके लिए सिद्धांत रूप से अधिकार मौजूद है। सुविधा भुगतानों का प्रतिबंध इस तथ्य के बावजूद लागू होता है कि इस तरह के भुगतान लागू स्थानीय कानूनों द्वारा प्रतिबंधित हैं या नहीं।.

### उपहार, निमंत्रण, और अन्य भेंट
जब उपहार या निमंत्रण के रूप में भेंट देने या स्वीकार करने की बात आती है, तो हम कड़ाई से यह सुनिश्चित करते हैं कि वे किसी भी तरह से गैर-कानूनी या अनुचित नहीं हैं और यहाँ तक कि उनसे बेईमानी या गलत व्यवहार का बोध भी नहीं होता है। हम ऐसी भेंटों को भी बर्दाश्त नहीं करते हैं जिनसे हमारी सत्यनिष्ठा के बारे में संदेह पैदा होने या व्यावसायिक निर्णयों के प्रभावित हो सकने की संभावना हो। इस तरह की संभावना भेंटों के अनुचित मूल्य, व्याप्ति, आवृत्ति और/या समय की दृष्टि से उत्पन्न हो सकती है। इन कारकों से यह धारणा बन सकती है कि इन भेंटों के प्राप्तकर्ता से किसी प्रतिफल की उम्मीद की जा सकती है।.



### दान
हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी के अनुरूप, हम शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक या मानवीय कार्यों, और खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए दान करते हैं। दानों को ZF के लिए बदले में किसी कार्य को करने से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।.

### प्रायोजकता
हम अपने प्रायोजकता संबंधी कार्यकलापों का उपयोग नियमित रूप से अपने स्वयं के, कंपनी से संबंधित विज्ञापन या जनसंपर्क के उद्देश्य से करते हैं। इस संदर्भ में, हम उचित और पारदर्शी प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करते हैं।.

### काले धन को वैध बनाना
काले धन को वैध बनाना (मनी लॉन्डरिंग) एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग गैरकानूनी स्रोतों या व्यावसायिक गतिविधियों से वैध चैनलों में धन को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया का वर्णन करने के लिए किया जाता है ताकि उसके मूल स्रोतों का पता न लगाया जा सके, और ऐसा लगे कि मानो धन कानूनी तौर पर प्राप्त किया गया है। हम काले धन को वैध बनाने के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय लड़ाई में सहायता करने और संबंधित प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए लागू उपायों को अपनाने के लिए वचनबद्ध हैं।.

### पारदर्शिता और प्रलेखन
ZF के भीतर हम अपने व्यावसायिक लेनदेनों, निर्णयों और कार्यकलापों में पूर्ण पारदर्शिता का समर्थन करते हैं। इसे हम लिखित दस्तावेज़ों और नियमित निरीक्षणों के माध्यम से सुनिश्चित करते हैं। सफल और चिरस्थायी व्यावसायिक कार्यकलापों के हमारे उद्देश्य का अनुसरण करते हुए, हम अपने उत्पादों, नवाचारों, गुणवत्ता, और सेवा द्वारा ग्राहकों को आकर्षित करते हैं।.

आंतरिक और बाह्य डेटा अधिग्रहण, रिकॉर्ड, और रिपोर्टें सत्य, सही, और संपूर्ण होने चाहिए। हम अपने कर्मचारियों से सभी प्रक्रियाओं में अत्यधिक सावधान रहने और वैध मानकों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं। इसमें विशेष रूप से लेखांकन के सामान्यतः स्वीकार्य सिद्धांतों का पालन करना शामिल है।.



04

# हितों के टकराव से बचना

**हम व्यावसायिक महत्व के अनुसार और कंपनी के हित में निर्णय लेते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यावसायिक निर्णय निजी या व्यक्तिगत हितों से प्रभावित नहीं होते।.**

### हितों के टकराव

ZF ग्रुप के भीतर, हम विशेष रूप से व्यावसायिक महत्व के अनुसार और कंपनी के हित में निर्णय लेते हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि किसी भी अव्यवसायिक आचरण की धारणा नहीं बन पाए।.

हम अपने कर्मचारियों से सभी परिस्थितियों में वस्तुनिष्ठ रहने और यह सुनिश्चित करने की अपेक्षा करते हैं कि उनके निर्णय व्यक्तिगत या पारिवारिक हितों से प्रभावित न हों।.

ZF के सभी कर्मचारियों को ऐसी स्थितियों के बारे में हमें तुरंत सूचित करना चाहिए जहाँ उनके व्यक्तिगत हितों और ZF के हितों का टकराव हो और हितों के टकराव को रोकने या हल करने के लिए उचित कदम उठाने हेतु ज़िम्मेदार अधिकारियों से विचार-विमर्श करना चाहिए।.

### गौण रोज़गार और सहभागिताएँ

हम क्लबों और अन्य संस्थानों में अपने कर्मचारियों के स्वयंसेवी कार्यकलापों को प्रोत्साहित और उनका समर्थन करते हैं, बशर्ते ये कार्यकलाप ZF के हितों के प्रतिकूल न हों और इनसे रोज़गार अनुबंध में निर्धारित कर्तव्यों का उल्लंघन न होता हो।.

ऐसी किसी कंपनी या किसी अन्य संगठन में, जो ZF की संपत्ति नहीं है, गौण रोज़गार और (ईक्विटी) सहभागिताओं से ZF ग्रुप के हितों को नुकसान नहीं पहुँचना चाहिए। इनके लिए श्रम कानून के विनियमों के अनुसार प्रकटीकरण और स्वीकृति की आवश्यकता होती है।.



# 05
# सामाजिक उत्तरदायित्व

## हम कॉर्पोरेट और सामाजिक उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं और हमारी चिरस्थायी कॉर्पोरेट सफलता में इसे एक मुख्य कारक के रूप में देखते हैं।.

### मानवाधिकारs
हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानव अधिकारों का सम्मान और समर्थन करते हैं। संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट में हमारी सदस्यता के माध्यम से हम अपनी कॉर्पोरेट और सामाजिक ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से वचनबद्ध हैं।.

हम अपने कर्मचारियों और अपने व्यावसायिक भागीदारों के बीच एक अनुबंध के तहत वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास करते हैं, जिसकी विशेषता परस्पर सम्मान, विश्वास, सहिष्णुता, और निष्पक्षता है। हम प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, गोपनीयता और व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करते हैं।.

### मानव तस्करी, जबरन मज़दूरी और बाल मज़दूरी का बहिष्करण
हम मानव तस्करी, जबरन मज़दूरी और बाल मज़दूरी के किसी भी रूप का बहिष्कार करते हैं। ZF ग्रुप के भीतर किए गए सभी कार्य स्वैच्छिक होने चाहिए। हम गुलामी, जबरन मज़दूरी और शोषक बाल मज़दूरी के उन्मूलन का समर्थन करते हैं। ZF में हम राष्ट्रीय कानून में निर्धारित रोज़गार के लिए न्यूनतम आयु का हमेशा पालन करते हैं।.

### समानता और समान अवसर
हम जाति, लिंग, धर्म, उम्र, राष्ट्रीयता, सामाजिक या जातीय मूल, गर्भधारण, विकलांगता, विश्वास, यौन अभिविन्यास, या राजनीतिक और ट्रेड यूनियन संलग्नता, और लागू कानून द्वारा संरक्षित अन्य विशेषताओं के आधार पर किसी भी भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते हैं।.

ये सिद्धांत नए कर्मचारियों की भर्ती, वैध रोज़गार अनुबंध वाले कर्मचारियों और हमारे कर्मचारियों की पेशेवर तरक्की पर लागू होते हैं। इस हेतु केवल कार्यनिष्पादन, व्यक्तित्व, अनुभव, क्षमताएँ/कौशल और योग्यताएँ ही निर्णायक कारक होते हैं।.

# 06
# व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय संरक्षण




**हमारे कर्मचारियों की कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य का संरक्षण और संवृद्धि, स्वस्थता और कार्य संतुष्टि के साथ-साथ, पर्यावरण प्रदूषण में कमी, व्यावसायिक प्रचालनों में निर्धारित मौलिक सिद्धांत हैं।.**

ZF ग्रुप के भीतर, हम सुरक्षित, काम के स्वस्थ माहौल के लिए वैध सांविधिक अपेक्षाओं और मानकों का पालन करते हैं और इसे सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त उपाय करते हैं। हमारे कर्मचारियों के लिए अपने काम के दौरान सांविधिक और आंतरिक स्वास्थ्य और सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण संबंधी आवश्यकताओं को अमल में लाना अनिवार्य है।.

हम अपने ग्रह के प्राकृतिक वास का सम्मान करते हैं और संसाधनों की रक्षा करने और पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के लिए वचनबद्ध हैं। चिरस्थायी पर्यावरण संरक्षण के प्रति यह वचनबद्धता हमारे काम का आधार है।.

इन सिद्धांतों के अनुसार, हम पर्यावरण के लिए अनुकूल उत्पाद बनाने, पर्यावरण पर हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के प्रभाव को कम करने, हमारे ऊर्जा उपयोग और पर्यावरण-संबंधी प्रयासों में निरंतर सुधार करने, और खुद को वैश्विक मॉडल के रूप में स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हैं।.



07

# उत्पाद अनुपालन

## "विधिसम्मत, ईमानदार और ज़िम्मेदार व्यवहार हमारी कॉर्पोरेट संस्कृति का एक केंद्रीय घटक है।"

प्रबंधन बोर्ड, ZF Friedrichshafen AG

### उत्पाद अनुपालन ZF के लिए एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है।.

ZF द्वारा कानूनी और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों का पालन किया जाता है और वह उच्च गुणवत्ता के ऐसे उत्पाद बनाने के लिए वचनबद्ध है जो सुरक्षित हों और जिनमें लागू कानूनों, विनियमों और मानकों का पालन हो। इन सिद्धांतों को ZF की नीतियों, प्रक्रियाओं और संरचनाओं के माध्यम से लागू किया जाता है, और सभी ZF कर्मचारी इन मानकों का अनुपालन करते हैं।.



# 08 जानकारी प्रबंधन

## हम संवेदनशील जानकारी, डेटा और व्यावसायिक रहस्यों की गोपनीयता को सुरक्षित और संरक्षित रखते हैं।

### गोपनीय जानकारी का संरक्षण
अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में नवाचार की हमारी क्षमता एक महत्वपूर्ण सफलता कारक है। इसलिए वैश्विक तकनीकी अग्रणी के रूप में ZF के लिए, बौद्धिक संपत्ति संबंधी अधिकारों और विशेषज्ञता का संरक्षण करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।.

इसीलिए हम यह सुनिश्चित करते हैं कि संवेदनशील व्यापारिक, तकनीकी और वित्तीय जानकारी व व्यावसायिक गोपनीयताओं का उचित रूप से संरक्षण किया जाता है और इन्हें अनुमति के बिना व्यक्त नहीं किया जाता।. उसी हद तक, हम अपने व्यावसायिक भागीदारों और प्रतिस्पर्धियों की व्यावसायिक गोपनीयताओं का भी सम्मान करते हैं।

हमारे कर्मचारी संवेदनशील जानकारी और व्यावसायिक गोपनीयताओं को गुप्त रखने के लिए कर्तव्य-बाध्य हैं।.

### डेटा संरक्षण
सभी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में हम, वैध कानूनों के अनुसार, गोपनीयता के अधिकारों के संरक्षण का पूरा प्रयास करते हैं। इसके अतिरिक्त, हमने व्यक्तिगत डेटा प्रबंधन के लिए ऐसे सिद्धांत स्थापित किए हैं जिनका पालन दुनिया भर में अनिवार्य है।.

### IT सुरक्षा
हमारे IT सिस्टमों की उपलब्धता और सत्यता अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी उपलब्ध तकनीकी और संगठनात्मक साधनों का उपयोग करके व्यक्तिगत और व्यावसायिक डेटा की अनधिकृत पहुँच, नुकसान, या छेड़छाड़ से रक्षा की जाती है। यह लागू राष्ट्रीय कानून को विचार में रखकर किया जाता है।.

ZF ने इसलिए एक प्रभावी सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (ISMS) के लिए एक दस्तावेज़ित, समर्थित, अनुमोदित और रखरखाव वाली प्रक्रिया स्थापित की है, जिससे हमारी और हमारे ग्राहकों की विशेषज्ञता की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।.

### आंतरिक जानकारी
आंतरिक जानकारी संपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी है जो निवेशकों को अपने निवेश संबंधी निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण लगेगी। ऐसी आंतरिक जानकारी पूर्ण रूप से गुप्त रखी जानी चाहिए। यह तृतीय पक्षों को उपलब्ध नहीं कराई जानी चाहिए। आंतरिक जानकारी के आधार पर प्रतिभूतियाँ अर्जित करना, बेचना, या उनकी खरीदारी या बिक्री का सुझाव देना वर्जित है।.

# 09
# नोटिस और रिपोर्टें



**हम पारदर्शी व्यावसायिक कार्यकलापों की अपेक्षा करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं। इसी विश्वास के अनुरूप, हमारे कर्मचारी किसी भी समय हमसे गुप्त रूप से संपर्क कर सकते हैं।.**

कंपनी को नुकसान पहुँचाने वाले कार्यों के विरुद्ध संरक्षण के रूप में, धोखाधड़ी और अन्य सफेदपोश अपराधों को रोकने, और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए, प्रत्येक कर्मचारी को कंपनी में होनेवाले आपराधिक आचरण, कमियों, या जोखिमों की जानकारी देने के लिए प्रेरित किया जाता है। कर्मचारी सामान्य रिपोर्टिंग चैनलों (वरिष्ठ कर्मचारी, अनुपालन संगठन, मानव संसाधन विभाग, लेखा-परीक्षा विभाग या उनके लिए तुरंत जिम्मेदार व्यक्ति) का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हम अनुपालन संबंधी उल्लंघनों को रिपोर्ट करने के लिए बेनाम रिपोर्टिंग चैनल ZF Trustline:
**https://www.bkms-system.net/Trustline उपलब्ध करते हैं।**

हमारे कर्मचारियों की रिपोर्टों, उनके प्रश्नों और चिंताओं की गोपनीयता यथासंभव अधिक से अधिक सुरक्षित रखी जाएगी। हम सभी विश्वसनीय रिपोर्टों के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करते हैं और जहाँ भी आवश्यक हो वहाँ निवारक उपाय करते हैं। इस प्रक्रिया के भीतर, हम ऐसे लोगों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के भेदभाव या प्रतिशोध को अस्वीकार करते हैं जो ऐसी परिस्थितियों की जानकारी सद्भावना से देते हैं। तथापि, जानबूझकर गलत प्रथा के लिए ZF Trustline का इस्तेमाल करना (उदाहरण के लिए दुर्भावना में रिपोर्ट प्रस्तुत करना) भी निषिद्ध है।.

दुर्व्यवहार और लागू होने वाले सांविधिक और विनियामक प्रावधानों, आंतरिक विनियमों और आचरण संहिता के उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किए जाएँगे। कोई भी आवश्यक उपाय लागू करते समय हम आनुपातिकता का सिद्धांत अपनाते हैं, जिसका यह मतलब है कि प्रत्येक मामले में हम सावधानीपूर्वक यह जाँच करते हैं कि कौन से परिणाम उचित, उपयुक्त और आवश्यक हैं, जिनमें नौकरी से बर्खास्त करना शामिल है, लेकिन ये इन तक सीमित नहीं हैं।.

# हमारे सिद्धांतों में निम्न शामिल हैं



# संपर्क

हमारे वे कर्मचारी जिन्हें पूर्वोक्त नियमों के अनुसार अनुपालन के बारे में कोई प्रश्न या संदेह हैं, वे किसी भी समय अपने वरिष्ठ अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अनुपालन संबंधी सभी मामलों में हमारे कर्मचारियों की सहायता करने के लिए अनुपालन संगठन, विशेष रूप से अनुपालन हेल्पडेस्क, उपलब्ध है।

**संपर्क अनुपालन**
E-mail: compliance@zf.com

हमारे कर्मचारी इंट्रानेट पर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:
https://sl.zf-world.com/Compliance

**ZF Friedrichshafen AG**
ZF Forum | Headquarters
Löwentaler Straße 20
88046 Friedrichshafen
Germany

www.zf.com

twitter.com/zf_konzern
facebook.com/zffriedrichshafen
youtube.com/zffriedrichshafenag